**KUBER**

| s.no. | activity | Date |
|---|---|---|
| 1 | Mental health seminar | 10-02-2024 |
| 2 | Sports Compition | 31-08-2024 |
| 3 | Sports Compition | 02-09-2024 |
| 4 | State level selection in game of college students | 10-10-2024 |
| 5 | State level selection in game of college students | 15-10-2024 |
| 6 | Health seminar | 09-11-2024 |
| 7 | Achivment of silver medal | 14-11-2024 |
| 8 | Job fair | 08-03-2025 |

दैनिक भास्कर

शाजापुर 10-02-2024

# कॉलेज में हुआ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

**आगर मालवा** | शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को कॉलेज परिसर में किया गया।

मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के मानसिक चिकित्सक डॉ. राहुल गौर मौजूद थे। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मानसिक चिकित्सक डॉ. गौड़ ने जन्मजात शिशु से लेकर 60 वर्ष से अधिक वर्ष के आयु वाले व्यक्तियों में होने वाले विभिन्न मानसिक रोग, नशा मुक्ति, उससे होने वाली समस्याएं और उनके समाधान के संबंध में विस्तृत चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों में परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव एवं परीक्षा परिणाम के बाद आने वाले अवसाद के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इन समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न उपाय भी बताए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सिविल विभागाध्यक्ष डॉ. मनीषा शर्मा, मैकेनिकल विभाग के विभागाध्यक्ष मयूर शिखा पंचोली, मेघा जायसवाल, रीना राजावत, अदिति गुप्ता, सीमा रावल, एकता जादौन, दीपिका परमार, शीतल जैन, अंकित गौड़, समीर खान मुल्तानी, राजेश चौहान, रोहित यादव सहित कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी मौजूद थे।

- Under KUBER initiative, mental health awareness program has been organised by the district hospital at our institute.

दैनिक भास्कर
शाजापुर 31-08-2024

# महाविद्यालय में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट तथा कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के बीच क्रिकेट का फाइनल मुकाबला खेला गया। इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 62 रन बनाएं। कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान जसवंत सिंह के चार छक्के की मदद से 32 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। जसवंत सिंह की इस आतिशी पारी की बदौलत उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह शतरंज प्रतियोगिता में सिविल डिपार्टमेंट से प्रथम वर्ष के छात्र वेदांश रघुवंशी ने प्रथम स्थान तथा इलेक्ट्रॉनिक डिपार्टमेंट से प्रथम वर्ष के छात्र ऋषि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय संस्था से प्रताप सिंह कटारा, राजेश चौहान, अनिल पाटीदार, रविंद्र सोनी, कमल बघेल, धर्मेंद्र यादव, कुंदन सूर्यवंशी, मेघा जायसवाल, दीपिका परमार, एकता जादौन तथा आदित्य गुप्ता मौजूद थे।



विजेता को पुरस्कृत करते हुए अतिथि।

**दैनिक भास्कर** शाजापुर 02-09-2024

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

**भास्कर संवाददाता | आगर मालवा**

खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला आगर मालवा के निर्देशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को समापन दिवस पर निंबु रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट द्वितीय वर्ष की छात्रा प्राची नागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं दूसरी ओर कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा कल्पना गवली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं रस्सी कूद प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट द्वितीय वर्ष की छात्रा नीतू गवली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, और कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा प्राची नागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता (बालक) में कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट प्रथम वर्ष का छात्र फैजान अंसारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के छात्र निलेश राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता (बालिका) में कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट तृतीय वर्ष की छात्रा माही चौहान ने प्रथम स्थान और कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की छात्रा उर्वशी राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय संस्था से प्रताप सिंह कटारा, देवी सिंह विश्वकर्मा, संजय प्रजापति, वासु विडयासर, हर्षित द्विवेदी, मेघा जायसवाल एवं अदिति गुप्ता मौजूद रहे।

Under KUBER various sports activity were organized

दैनिक भास्कर शाजापुर 10-10-2024

दैनिक भास्कर

# विद्यार्थियों का हुआ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन



प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी व अन्य।

आगर मालवा | राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के निर्देशानुसार नोडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन नानाखेड़ा स्टेडियम में किया गया। इसमें 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा से सिविल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा शानू भारिया ने प्रथम स्थान हासिल किया।

200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सिविल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा भावना द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 4100 मीटर रिले रेस में पूजा राठौर, भावना द्विवेदी, शानू भारिया, पायल आर्य की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मैकेनिकल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र ऋषि गवली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा आस्था त्रिपाठी ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई जंप की प्रतियोगिता में सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा भावना द्विवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता में सिविल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा मीनाक्षी राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय से व्याख्याता समीर मुल्तानी तथा राजेश चौहान विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि महाविद्यालय से पूजा राठौर, भावना द्विवेदी, शानू भारिया, मीनाक्षी राठौर, पायल आर्य, आस्था त्रिपाठी तथा ऋषि गवली का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। संस्था परिवार की ओर से राज्य स्तर पर चयनित सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

- Under KUBER initiative our students has been participated in nodal level sports competition which has been organised by R.G.P.V-Bhopal at Ujjain, in which Shanu Bheriya won 1st prize in 100m race, Bhavana Dwivedi won 1st prize in 200m race, Puja Rathore won 1st prize in 400m race and Rishi Gawli of our institute won 1st prize in 800m race.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 11-02-2025



# 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में परिणाम सुधारने की कवायद, विशेषज्ञ शिक्षक दे रहे ऑनलाइन शिक्षा

## कैसे करें परीक्षा में प्रश्नों को आसानी से हल, बच्चों की जिज्ञासाओं को भी कर रहे शांत, हर शनिवार को समीक्षा भी कर रहे

सचिन जैन | आगर-मालवा

बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए इस बार जिले में नवाचार किया गया है। जहां पूरे वर्ष स्कूलों में पढ़ाई करने के बाद कमजोर बच्चों को परीक्षा में किस प्रकार प्रश्नों का उत्तर आसानी से हल किया जा सके और बच्चों के मन में उठ रही जिज्ञासा शांत करने के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के विशेष प्रयास से इस बार 6 से 22 फरवरी तक जिले में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई के साथ आसान टिप्स दिए जा रहे हैं। प्रत्येक शिक्षक को 8 से 10 बच्चों को गोद दिया गया है। बालकों की मासिक बैठक रखकर साथ साप्ताहिक टेस्ट में 5 से 10 प्रश्न याद करने के लिए होमवर्क देकर एक या दो प्रश्न का साप्ताहिक टेस्ट लिया जा रहा है। प्रति शनिवार इसकी समीक्षा भी प्राचार्य से की गई है। गंभीरता लाने के लिए जिले में शिक्षकों द्वारा लिए जाने वाले अवकाश पर भी रोक लगाई गई है। ताकि बोर्ड परीक्षाओं में इस बार बेहतर परीक्षा परिणाम आ सके।



बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा देते विषय विशेषज्ञ।

वर्तमान में जिले में अनुभव विषय विशेषज्ञ द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसमें 12वीं के करीब 800 एवं 10वीं के करीब 2200 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। विषय विशेषज्ञों में शिक्षा विभाग के अनुभवी शिक्षक जो राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर तथा अन्य संस्थाओं नेहरू गवर्नमेंट कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर एवं कोचिंग संचालक हैं। इनके द्वारा बच्चों की मार्गदर्शन के लिए ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। प्रारंभ में विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड या स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों का सामाजिक शिक्षण ऑनलाइन माध्यम से कराया जा रहा है। इससे छात्र-छात्राएं जो स्कूल में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं उन्हें लिंक के माध्यम से जोड़कर कक्षा शिक्षण करवाया जा रहा है। इस संपूर्ण प्रक्रिया की मॉनिटरिंग भी कलेक्टर सिंह और एडीपीसी दिनेश कुंभकार द्वारा की जा रही है। विषय विशेषज्ञों द्वारा पाठ्यक्रम तथा पेपर पैटर्न को समझाने का प्रयास करते हुए जिले के उत्कृष्ट रिजल्ट का प्रयास किया जा रहा है। विषयों में किस प्रकार से प्रश्नों का चयन किया जाता है, किन मूलभूत बिंदुओं का ध्यान रखना होता है यह जानकारी दी जा रही है। वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम पर देखें तो आगर जिला 10वी में 44वें स्थान पर था। 2022-23 के परिणाम 58.03 से गिरकर 2023-24 में 49.69 रह गया था। इसी तरह 12वीं में जिला प्रदेश में 18वें स्थान पर रहा था। जिसमें अच्छा परिणाम सामने आया था। वर्ष 2022-23 के परिणाम 50.07 से बढकर 69.42 था।

### इस बार नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में इस बार बच्चों को सप्लीमेंट्री उत्तर पुस्तिका नहीं मिलेगी, लेकिन इस बार उत्तर पुस्तिका 20 पेज की बजाय 32 पेज की होगी। 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होकर 21 मार्च तक करवाई जाएंगी। 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होकर 25 मार्च तक चलेंगी। सभी छात्रों को 8:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सुबह 8:45 पर परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया जाएगा। एग्जाम के लिए प्रश्न पत्र सुबह 8:55 पर वितरित किए जाएंगे। छात्रों को परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट भी दिए जाएंगे। उत्तर पुस्तिका के पहले पेज पर बार कोड लगा रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रश्नों का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसमें मार्क्स के साथ हर प्रश्नों के पैटर्न की जानकारी भी है।

### परिणाम सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं

*बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़े और उनकी जिज्ञासा शांत हो और बोर्ड परीक्षा का परिणाम जिले में बेहतर हो, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षकों को सचेत करने के साथ ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से विषय विशेषज्ञों से बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही है।*

–राघवेंद्र सिंह, कलेक्टर, आगर-मालवा

Under KUBER initiative Dr.sr.lect. Hitendra sing tomar(principal) had delivered

online lecture to the students appearing for board exam whose aim is to teach them the strategies to gain maximum marks in their exam

दैनिक भास्कर शाजापुर 15-10-2024

# महाविद्यालय की छात्राओं ने किया राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन



चयनित छात्राओं के साथ अतिथि व अन्य।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय कबड्डी का आयोजन चमेली देवी इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंदौर में किया गया। कबड्डी का महा मुकाबला उज्जैन संभाग तथा भोपाल संभाग के बीच खेला गया।

इसमें पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा उमा विश्वकर्मा, पूजा राठौर तथा टिया दांगी द्वारा राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय से राजेश चौहान विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। संस्था प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर ने राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

Under KUBER initiative, our students has participated in kabaddi competition conducted and organised by R.G.P.V-Bhopal at Chameli Devi Institute Of Science and Technology Indore for state level.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 09-11-2024

# किशोरावस्था में विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता होती है

## महाविद्यालय के प्राचार्य तोमर ने कहा

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में उमंग स्वास्थ्य केंद्र जिला अस्पताल आगर मालवा की काउंसलर शीतल भट्ट और आरती दुबे ने शुक्रवार को विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। राष्ट्रीय किशोर किशोरी परामर्श कार्यक्रम के तहत किशोरावस्था संबंधी परामर्श दिया गया।



विद्यार्थियों को परामर्श देते हुए।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यक्तिगत विकास, पोषण आहार, किशोरावस्था संबंधी समस्याओं जैसे कि मानसिक तनाव, आत्मविश्वास आदि के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि किशोरावस्था में विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और परामर्श की आवश्यकता होती हैं। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। इस अवसर पर संस्था से मयूर शिखा पंचोली, रीना राजावत, मेघा जायसवाल, शीतल जैन, अदिति गुप्ता, एकता जादौन, राजेश चौहान, समीर मुल्तानी, भरत गवली तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन राजेश चौहान ने किया। आभार रीना राजावत ने माना।

- Under KUBER initiative, a counseling session has been conducted by Umang swasthiya kendra , Agar, under the team of Sheetal Bhatt and Arti Dubey.

दैनिक भास्कर शाजापुर 14-11-2024

# पॉलीटेक्निक कॉलेज की छात्रा ने जीता सिल्वर मेडल




मेडल प्राप्त करते हुए उमा विश्वकर्मा।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत जूडो प्रतियोगिता का आयोजन श्री लक्ष्मी नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल में किया गया। इसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से मैकेनिकल द्वितीय वर्ष की छात्रा उमा विश्वकर्मा ने भाग लिया।

संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 52 किलोग्राम फीमेल कैटेगरी जूडो प्रतियोगिता में छात्रा उमा ने श्री लक्ष्मी नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल हासिल किया है। पूर्व में भी नोडल लेवल पर उमा विश्वकर्मा द्वारा श्री गुरु सांदीपनि इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उज्जैन में जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया था। उमा के पिता संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि उमा एक नेशनल लेवल की खिलाड़ी है। उसने पूर्व में भी चंडीगढ़ तथा जबलपुर में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक तथा कास्य पदक हासिल किए हैं। वह आगे भी इसी तरह से अपने गांव सावन तहसील महिद्पुर तथा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा का नाम रोशन करेगी।

- Under KUBER initiative our student participated in judo karate competition on state level hosted at LNCT-Bhopal in which one of our student miss.Uma achieved the silver medal.

पत्रिका

# युवा संगम रोजगार मेला आयोजित, 170 युवाओं का प्रारंभिक चयन



**आगर-मालवा.** जिले के युवाओं को रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटशिप के अवसर पर उपलब्ध करवाने के हेतु शुक्रवार को युवा संगम रोजगार मेला शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर में आयोजित किया गया, जिसमें 461 पंजीकृत युवाओं( ऑनलाइन 280 एवं ऑफलाइन 181 ) में से 170 का प्रारंभिक चयन कर 91 को मौके पर जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये गए। रोजगार मेले में 05 आवेदकों का अप्रेन्टिसशिप हेतु चयन कर ऑफर लेटर दिये गए, साथ ही 45 आवेदकों को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के लिए चयन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष ओम मालवीय तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, जनप्रतिनिधि मेहरबान सिंह उपस्थित थे।जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से संबंधित प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाकर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं, वे युवा संगम जैसे रोजगार मेले का लाभ लेकर ना केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं बल्कि स्व-रोजगार को अपनाकर अन्य व्यक्तियों को रोजगार भी दे सकते हैं। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर हितेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जिले में उपलब्ध विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते है।महाविद्यालय द्वारा ग्रीन एनर्जी के रूप में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाई जा रहे हैं। जिनमें सोलर ट्रैनिंग प्रोग्राम (सूर्यमित्र) और ग्रीन हाइड्रोजन ट्रैनिंग प्रोग्राम वर्तमान में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चलाएं जा रहे हैं । जिससे विद्यार्थी अपने क्षेत्र में रोजगार के उपलब्ध अवसरों को पहचान कर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। संचालन संजीव कुमार पाटिल द्वारा किया गया इस अवसर बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

08/03/2025 | Shajapur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

- Under KUBER initiative , 0n 07/03/2025, yuva sangam rojgar mela had been conducted at our college premise in which 461 candidates were participated among which 91 candidates were offered job. And 6 candidates among the offered one got selected for Force motors, Pithampur.

पत्रिका

# ओपन कैम्पस प्लेसमेंट में चयन




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगर-मालवा.** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में वोल्वो आइशर कमर्शियल लिमिटेड ने ओपेन कैम्पस प्लेसमेंट्स रखा। इसमें संतोष भारती ने कंपनी के कामकाज, आवश्यक योग्यताओं और भविष्य में मिलने वाले अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. हितेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि ओपन कैम्पस में उज्जैन, शाजापुर, जबलपुर और पचोर से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी विशेषज्ञों ने लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षण तथा इंटरव्यू के माध्यम से मूल्यांकन किया। चयनित को ऑफर लेटर प्रदान किए। ऐसे कैम्पस से छात्रों को न सिर्फ रोजगार प्राप्त होता है बल्कि कॅरियर को सही दिशा मिलती है। मयूरशिखा पंचोली, अनिल पाटीदार, कुंदन सूर्यवंशी, धर्मेंद्र यादव, अचीन मदान, राजेश चौहान व विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन अनिल पाटीदार ने किया। आभार राजेश चौहान ने माना।

- Under KUBER initiative, an open campus drive has been conducted at our institute where many students got placed in various MNCs like EICHER,VOLVO etc.